RNI NO - UPHIN/2022/86937

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# देश की उपासना

जौनपुर से प्रकाशित

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष – 03 | अंक – 288 | जौनपुर | रविवार, 08 जून 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## दस उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल

अयोध्या। 10 उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने फेरबदल किया।फेरबदल की कड़ी में उन्होंने उप निरीक्षक राहुल वाजपेई को कोतवाली नगर से चौकी प्रभारी कारागार,कमलेश कुमार को चौकी औद्योगिक क्षेत्र प्रभारी भेजा। वही कोतवाली बीकापुर में तैनात चित्रेश प्रताप सिंह को चौकी देवगांव प्रभारी,शेखर नाथ सिंह को रायगंज चौकी इंचार्ज,रायगंज चौकी इंचार्ज वीरेंद्र पाल को चौकी प्रभारी पूरा बाजार बनाया।जबकि कोतवाली नगर रहे अभिषेक सिंह को नयागंज चौकी इंचार्ज, रामपुर भगन चौकी इंचार्ज रहे धर्मेंद्र सिंह को रामनगर चौकी इंचार्ज, देवेंद्र कुमार चौधरी को रामपुर भगन चौकी इंचार्ज,लक्ष्मण घाट चौकी इंचार्ज जयप्रकाश अवस्थी को चौकी प्रभारी नवीनमंडी व थाना कैंट रहे रोहित पांडे को चौकी लक्ष्मण घाट का प्रभारी बनाया।

## संक्षिप्त खबरें

### जयशंकर ने चार मध्य एशियाई देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की

नई दिल्ली, एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को यहां तुर्कमेनिस्तान, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और किर्गिज गणराज्य के अपने समकक्षों से मुलाकात की और इन मध्य एशियाई देशों के साथ भारत के सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। उनकी चर्चा में आतंकवाद का मुद्दा भी उठा। सोशल मीडिया मंच एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में जयशंकर ने अपनी बैठकों की व्यापक रूपरेखा साझा की। जयशंकर ने कहा, तुर्कमेनिस्तान के विदेश मंत्री राशिद मेरेदोव से मिलकर प्रसन्नता हुई। हमारे सहयोग को और मजबूत करने, खासकर व्यापार, निवेश, संपर्क, स्वास्थ्य और ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर गर्मजोशी से चर्चा हुई। आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की उनकी कड़ी निंदा का स्वागत करता हूं। उन्होंने हैदराबाद हाउस में हुई बैठक की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं।

### तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टर माइंड तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। राणा की अगली कोर्ट पेशी 9 जुलाई को होनी है। इसका अर्थ है कि तहव्वुर राणा को अब 9 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में रहना होगा। सुरक्षा कारणों से उसे वर्चुअल मोड के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। राणा के वकील ने उसके स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई। दलीलों पर गौर करते हुए कोर्ट ने तिहाड़ के अधिकारियों को 9 जून तक मामले पर स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान राणा ने अपने परिवार से बातचीत करने की इच्छा जताई है। मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा ने परिवार से बातचीत के लिए कोर्ट में याचिका भी दायर की थी। राणा की इस अर्जी पर कोर्ट 9 जून को सुनवाई करेगा। जब राणा को एनआईए ने हिरासत में लिया गया तब उसने परिवार से बात करने की इच्छा जताई थी। राणा के वकील की ओर से तर्क दिया गया था कि एक विदेशी नागरिक के तौर पर राणा का यह मौलिक अधिकार है कि वह अपने परिवार से बातचीत करे। राणा का परिवार उसकी भलाई को लेकर चिंतित है। इससे पहले 24 अप्रैल को विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राणा की अपने परिवार से बात करने की अनुमति मांगने वाली याचिका को खारिज कर दिया था। एनआईए द्वारा उसकी याचिका का विरोध करने के बाद अदालत ने यह फैसला सुनाया था।

## पीएम मोदी ने आधुनिकता का केवल सपना नहीं दिखवाया, उसे साकार भी किया - स्मृति



नई दिल्ली, एजेसी। मोदी स्टोरी नामक सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में आंगनवाड़ी व्यवस्था के डिजिटल कायाकल्प की सराहना की गई है। गुरुवार को किए गए इस पोस्ट में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का एक वीडियो भी साझा किया गया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि कैसे प्रधानमंत्री मोदी ने सिर्फ आधुनिकता की बात नहीं की, बल्कि उसे जमीनी स्तर पर लागू भी किया। स्मृति ईरानी ने वीडियो में कहा कि यह बोलना कि हम मॉडर्नाइजेशन की ओर बढ़ रहे हैं और वास्तव में उसके लिए व्यवस्था करना, दोनों में बहुत बड़ा अंतर होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कहा था कि यदि हमें आंगनवाड़ी व्यवस्था को डिजिटल बनाना है तो सबसे पहले स्मार्ट डिवाइस देने होंगे। इसी सोच के तहत देश की 11 लाख से अधिक आंगनवाड़ियों में स्मार्ट डिवाइस पहुंचाए गए और 11 लाख 90 हजार से ज्यादा ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस प्रदान की गईं। यह भारत के इतिहास में पहली बार हुआ। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों, खासकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि इतने वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद किसी भी आंगनवाड़ी में ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस तक नहीं दिया गया। जब बच्चों के शारीरिक विकास को मापने की कोई व्यवस्था ही नहीं होती, तो यह तय करना संभव नहीं होता कि सरकार की योजनाएं कितनी प्रभावी हैं। इसीलिए, मोदी सरकार ने न सिर्फ टेक्नोलॉजी को आधार बनाया, बल्कि नीति निर्माण और क्रियान्वयन को भी वैज्ञानिक और डेटा–आधारित बनाया। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि देशभर में 10 लाख से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को डिजिटल और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि तकनीक सिर्फ उपकरणों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका प्रभाव वास्तविक सेवा प्रदायगी में दिखे। यह पूरी पहल इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस डिजिटल और आधुनिक भारत की कल्पना की थी, उसे केवल भाषणों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीनी हकीकत में बदलने का साहसिक और ठोस कदम भी उठाया।

## भारत–पाक सीजफायर पर स्थिति स्पष्ट करें पीएम मोदी – सचिन पायलट

राजस्थान, एजेसी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राजस्थान के टोंक से विधायक सचिन पायलट गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे। उन्होंने बैरवा धर्मशाला में सभा भवन का उद्घाटन किया और बम्बोर तथा लवादर गांवों में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मीडिया से बात करते हुए पायलट ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने भारत–पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर को लेकर अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों का हवाला देते हुए कहा कि डोनाल्ड ट्रंप अब तक कई बार कह चुके हैं कि उन्होंने व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए भारत–पाक सीजफायर करवाया। यह गंभीर विषय है। प्रधानमंत्री मोदी को इस पर जवाब देना चाहिए। आखिर कैसे कोई तीसरा देश भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम की घोषणा कर सकता है? पायलट ने गुर्जर आंदोलन की सुगबुगाहट पर भी सरकारों को आगाह किया। उन्होंने कहा कि अपना हक मांगना गलत नहीं है। केंद्र और राज्य सरकारों को अपने किए वादों को निभाना चाहिए, जिससे लोगों का भला हो सके। राज्य की कानून–व्यवस्था को लेकर भी पायलट ने सवाल उठाए। उन्होंने राजस्थान सरकार में मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की छापेमारी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जो काम प्रशासन का है, वह काम मंत्री क्यों कर रहे हैं?



## नीट पीजी परीक्षा 3 अगस्त को एक ही शिफ्ट में होगी, सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मिली

नई दिल्ली, एजेंसी। नीट पीजी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए खास खबर है कि 15 जून को आयोजित होने वाली यह परीक्षा अब 3 अगस्त को आयोजित की जाएगी। परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है। दरअसल, नीट पीजी परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन (एनबीई) ने सुप्रीम कोर्ट में परीक्षा आयोजित कराने के लिए कुछ समय की मांग की थी। एनबीई की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त माह में परीक्षा आयोजित कराने के लिए निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा आयोजित कराने के लिए एनबीई को समय दिया है। सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था से पूछा कि नीट–पीजी परीक्षा के लिए इतना समय क्यों दिया जाए। परीक्षा तो जुलाई के बीच में भी आयोजित कराई जा सकती है। दो महीने का समय क्यों दिया जाए? इससे तो दाखिला प्रक्रिया में देरी होगी। कोर्ट के इन सवालों पर एनबीई ने कहा कि परीक्षा को लेकर किसी भी तरह का समझौता हो, हम नहीं चाहते हैं। एनबीई ने कहा कि परीक्षा को लेकर हम समय इसलिए ले रहे हैं ताकि परीक्षा आयोजित कराने के दौरान किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े। 30 मई को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि नीट–पीजी परीक्षा केवल एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाए। इसके बाद, एनबीई ने शीर्ष अदालत में एक आवेदन दायर कर परीक्षा को बाद की तारीख पर पुन निर्धारित करने के लिए समय बढ़ाने की मांग की थी। क्योंकि एकल–शिफ्ट के आदेश का पालन करने के लिए नए सिरे से व्यवस्था करनी होगी। बता दें कि 3 जून को सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले परीक्षा को दो शिफ्ट में कराए जाने पर कहा था कि दो शिफ्ट में परीक्षा कराने से मनमानी होगी और तमाम तरह की कठिनाइयों पैदा होगी। सुप्रीम कोर्ट ने एनबीई को निर्देश दिया था कि वह परीक्षा को एक शिफ्ट में आयोजित करने की व्यवस्था करें।

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री निर्दयी, उन्हें पद से इस्तीफा कर देना चाहिए - गिरिराज सिंह

पटना, एजेसी। रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत के जश्न के दौरान बुधवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में कई लोगों की मौत पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के इस्तीफे की मांग की है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री निर्दयी हैं। उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री के उस बयान की निंदा की, जिसमें उन्होंने इस घटना की तुलना कुंभ मेले से की। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि उन्होंने जिन शब्दों का प्रयोग किया है, उन्हें शर्म आनी चाहिए। आखिर वे भी राहुल गांधी का ही कुनबा हैं, जो देश की सेना का सम्मान नहीं करते, देश का सम्मान नहीं करते। आईपीएल ट्रॉफी जीतने के बाद रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम जीत के जश्न के लिए बुधवार को बेंगलुरु में एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम पहुंची थी। स्टेडियम खचाखच भरा था और लाखों की संख्या में बाहर इंतजार कर रहे फैंस अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। घटना के बाद बयानबाजियों का दौर शुरू हो गया। जदयू ने भी कर्नाटक के मुख्यमंत्री से इस्तीफा मांगा है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री के बयान की निंदा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का इस मामले पर दिया गया बयान गैर–जिम्मेदाराना है। ऐसे बयानों से वह लोकतंत्र और जिम्मेदारियों का अपमान कर रहे हैं। जिस तरह से अनुमान लगाने में कर्नाटक सरकार विफल रही कि जीत के जश्न में कितने लोग आ सकते हैं, इसे लेकर एहतियाती कदम नहीं उठाए गए और अनेक इंसानी जिंदगियों की बलि चढ़ गई। कई लोग घायल हुए।



## भूपेश बघेल ने जाति जनगणना, डीएपी संकट और बेंगलुरु हादसे पर भाजपा को घेरा



रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों पर जुबानी हमला बोला। राजधानी रायपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने जाति जनगणना, परिसीमन, डीएपी संकट, तबादला नीति, बेंगलुरु हादसे समेत कई मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी। जाति जनगणना के मसले पर भूपेश बघेल ने कहा कि इस पर तभी विश्वास किया जाना चाहिए जब इसकी वास्तविक शुरुआत हो। जनगणना के तुरंत बाद न तो रिपोर्ट आएगी और न ही एक झटके में परिसीमन हो सकेगा। पहले केंद्र सरकार को परिसीमन आयोग बनाना होगा, फिर राज्यों के साथ बैठकें होंगी, उसके बाद ही प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। 2026 से जनगणना और परिसीमन की बात की जा रही है, लेकिन अगर जनगणना में देरी हुई तो परिसीमन भी खटाई में पड़ जाएगा।

जनगणना के प्रोफार्मा को लेकर भूपेश बघेल ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि केवल जाति का कॉलम भरने से कोई सार्थक परिणाम नहीं आएगा।

इसके लिए जरूरी है कि शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक पहलुओं पर भी सर्वे हो ताकि व्यक्ति, परिवार और जाति विशेष को इसका वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जनगणना पर विपक्षी नेताओं से भी रायशुमारी होनी चाहिए। तबादला नीति को लेकर भी उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ शिक्षा विभाग के तबादलों को ही सही ढंग से नहीं संभाल पा रही है।

सारा सरकारी अमला इस काम में लगा है, फिर भी दफ्तरों में लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। युक्तिकरण के नाम पर एक बार ट्रांसफर कर दिया जाता है और फिर विभाग दोबारा तबादला रद्द कर देता है। पहले भी ऐसा हुआ है कि ट्रांसफर आदेश जारी होते हैं और फिर उन्हें निरस्त कर दिया जाता है। राज्य में डीएपी की कमी को लेकर भी बघेल ने राज्य और केंद्र सरकार को घेरा।

## महाराष्ट्र में सरकारी अस्पताल में फर्श पर लेटे मरीज का वीडियो वायरल होने पर जांच शुरु

महाराष्ट्र, एजेंसी। महाराष्ट्र में मराठवाड़ा क्षेत्र के जालना में जिला सरकारी अस्पताल में बेड की कमी के कारण फर्श पर लेटे एक मरीज का वीडियो वायरल होने के बाद जांच शुरु की गयी है।

अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक वायरल वीडियो के प्रसार के बाद इसकी जांच शुरू की गयी है, जिसमें राज्य के मराठवाड़ा क्षेत्र में मुंबई से लगभग 430 किलोमीटर दूर जालना के जिला सरकारी अस्पताल में बेड की कमी के कारण मरीज को फर्श पर लिटाया गया था जिसका वीडियो वायरल हो गया था। अधिकारियों ने कहा कि फुटेज में 200 पलंग वाले अस्पताल में अत्यधिक भीड़भाड़ और अपर्याप्त सुविधाएं दिखाई गई हैं। वीडियो में मरीज को फर्श पर गद्दे पर लेटा हुआ दिखाया गया और उसे तरल पदार्थ देते हुए देखा जा सकता है। मरीज के एक रिश्तेदार सुरेश येवाले ने कहा, "मेरे रिश्तेदार को बुधवार रात एक सड़क दुर्घटना के बाद यहां भर्ती कराया गया था। वार्ड में बेड की कमी के कारण नर्स ने उन्हें तरल पदार्थ देते हुए फर्श पर गद्दे पर लेटने के लिए कहा। अतिरिक्त सिविल सर्जन डॉ राजेंद्र गाडेकर ने कहा कि जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा, श्हमने सख्त निर्देश जारी किए हैं कि किसी भी मरीज को फर्श पर नहीं लिटाया जाना चाहिए। वार्ड में कोई बेड उपलब्ध नहीं है तो तुरंत बेड उपलब्ध करने की व्यवस्था की जानी चाहिए। जिम्मेदार लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।"




## मोदी ने रियासी में दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेल पुल का किया उद्घाटन

जम्मू–कश्मीर, एजेंसी। जम्मू–कश्मीर के कटरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले उनके स्वागत में जगह–जगह पर पोस्टर लगाए गए हैं, जिसमें लिखा हुआ है 'प्रधानमंत्री का हार्दिक स्वागत'। होर्डिंग्स में प्रधानमंत्री के अलावा मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उप–राज्यपाल मनोज सिन्हा की भी तस्वीरें लगाई गई हैं। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को देखते हुए पुलिस–प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद यह प्रधानमंत्री मोदी का पहला जम्मू–कश्मीर दौरा है, जिसे देखते हुए सुरक्षा–व्यवस्था के विशेष बंदोबस्त किए गए हैं। प्रशासन की तरफ से सुरक्षा–व्यवस्था की समीक्षा के बाद सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बलों की तैनाती की गई है, जो हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को 46 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देने वाले हैं। इसमें दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल चिनाब ब्रिज, भारत का पहला केबल–स्टे रेल ब्रिज अंजी ब्रिज और उधमपुर– श्रीनगर–बारामूला रेल लिंक (यूएसबी आरएल) परि योजना शामिल हैं। साथ ही, श्री माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर तक वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन शुरू किया जाएगा। इससे कटरा और श्रीनगर के बीच का सफर समय भी कम हो जाएगा। उन्होंने कहा, "मैं सोचता हूं कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है। इससे व्यवसाय को एक बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। कटरा और श्रीनगर के बीच का सफर, जो सामान्य रूप से आठ से नौ घंटे का था, अब तीन घंटे का रह जाएगा। साथ ही, इस क्षेत्र में कई बड़े और आकर्षक स्थल हैं, जैसे विश्व का सबसे ऊंचा और खूबसूरत रेलवे पुल और मनोरम वादियां। मेरा मानना है कि यह पर्यटकों को बड़े पैमाने पर आकर्षित करेगा और एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।" उन्होंने आगे कहा, "आज की तारीख में कटरा से कश्मीर तक ट्रेन का संचालन शुरू होना बहुत बड़ी बात है। यहां आमतौर पर यात्रा करना बेहद मुश्किल है। लेकिन अब हमारा समय बचेगा। समय की बचत लोगों को आकर्षित करती है। इसलिए, मेरा मानना है कि इससे व्यवसाय को एक बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा।" प्रधानमंत्री मोदी के आगमन से पहले मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे पुल, प्रतिष्ठित चिनाब पुल पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की थी। इसकी जानकारी खुद उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट करके दी थी। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा था, "दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल, चिनाब ब्रिज का दौरा किया, ताकि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की जा सके। यह जम्मू–कश्मीर के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, जब आखिरकार घाटी देश के बाकी हिस्सों से रेलवे लिंक से जुड़ जाएगी।" इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपने कटरा दौरे को लेकर सोशल मीडिया श्एक्सश हैंडल पर जानकारी दी थी। अपने पोस्ट में उन्होंने कहा था, " 6 जून, जम्मू–कश्मीर के मेरे भाइयों और बहनों के लिए वाकई एक खास दिन है। 46,000 करोड़ रुपये की लागत वाली प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया जा रहा है, जिसका लोगों के जीवन पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।" प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट में आगे कहा था, "वास्तुकला की एक असाधारण उपलब्धि होने के अलावा, चिनाब रेल पुल जम्मू और श्रीनगर के बीच संपर्क में सुधार करेगा। अंजी ब्रिज चुनौतीपूर्ण इलाके में भारत का पहला केबल–स्टेड रेल पुल है। उधमपुर–श्रीनगर– बारामुल्ला रेल लिंक परियोजना सभी मौसम में संपर्क सुनिश्चित करती है और श्री माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर तक वंदे भारत ट्रेन आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देंगी और आजीविका के अवसर पैदा करेंगी।"



# संपादकीय

## वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान

जल है तो कल है कि चुनौती के बीच राजस्थान की भजन लाल सरकार द्वारा समूचे प्रदेश में मानसून से पूर्व 5 जून से 20 जून तक वंदे गंगा जल संरक्षण– जन अभियान इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि राजस्थान सहित पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, दादरा–नगर हवेली और दमन दीव देष के ऐसे राज्य या केन्द्र शासित प्रदेश है जहां भूजल की निकासी भूजल के पुनर्भरण से कहीं अधिक हो रही है। अगर राजस्थान ही की बात करें और वह भी शुद्ध पेयजल की बात की जाए तो पीने योग्य पानी और उसकी उपलब्धता में 30 फीसदी का अंतर है। 30 प्रतिशत का अंतर कोई छोटा मोटा अंतर नहीं है ऐसे में इसे भलीभांति समझा जा सकता है कि राज्य सरकार को नागरिकों के लिए पीने के शुद्ध पानी की उपलब्धता बनाये रखने की चुनौती से कैसे दो–चार होना पड़ता होगा। वास्तव में यह गंभीर समस्या है। समूचे विश्व में पानी की उपलब्धता का संकट है। यदि हम भारत की ही बात करें तो 1950 में जहां प्रतिव्यक्ति सालाना 5200 घनमीटर पानी की उपलब्धता थी वह 2024 आते आते 1401 घनमीटर रह गई है और यदि विशेषज्ञों की माने तो 2050 तक यह उपलब्धता 1191 घनमीटर ही रह जाने की संभावना हो गई है। यही कारण है प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों कहा कि हमें पानी के उपयोग के संदर्भ में कम करें, पुनः उपयोग करें और पुनः चक्रित करने की नीति पर चलना होगा। देश में जल के पुनर्भरण में लगातार कमी आ रही है। प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता में आज भारत 182 वें स्थान पर आ गया है। भूजल की उपलब्धता को देखा जाए तो 1950 से 2024 के दौरान 73 प्रतिशत की कमी आ गई है। दिल्ली, चौन्नई, पुणे, हैदराबाद, मुंबई सहित देश के अनेक छोटे बड़े शहर पेयजल की गंभीर समस्या से जुझ रहे हैं।

विश्वव्यापी जल संकट को देखते हुए राजस्थान की भजन लाल सरकार की इस पहल को महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए। दरअसल देश में उपलब्ध भूजल का 87 प्रतिशत उपयोग खेती किसानी में होता है तो 11.7 प्रतिशत उपयोग घरेलू कार्यों और लगभग 2 प्रतिशत उपयोग ही औद्योगिक क्षेत्र में होता है। संकट का बड़ा कारण परंपरागत जल संग्रहण स्रोतों का नष्ट होना, उनमें अवरोध होना, बढ़ती आबादी और शहरी क्षेत्र में आबादी का घनत्व बढ़ने के साथ ही अत्यधिक पानी की आवश्यकता वाली उपज को बढ़ावा देने से जल दोहन अधिक होने लगा है। सीवेज के कारण पानी का अत्यधिक उपयोग, बरसाती जल का प्रोपर संग्रहण नहीं होना, जंगलों का कक्रिट के जंगलों में बदलना और पानी के अन्य कार्यों में भी अत्यधिक उपयोग से पानी का संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। अनियमित बरसात और बरसाती चक्र में बदलाव को भी एक कारण माना जा सकता है। आज जितने पानी के पीने के लिए आवश्यकता होती है उससे कई गुणा अधिक पानी फ्लस करने, वाहनों की धुलाई, पौधों के रखरखाव व अन्य कार्यों में होने लगा है। सीमेंट, लोहा, जस्ता और अब एमसेंड आदि उद्योगों के लिए भी अधिक पानी की आवश्यकता होने लगी है। एक समय था जब सावन भादों में बरसात की झड़ी लगती थी और कई दिनों तक सूर्य देवता के दर्शन नहीं होते थे तो उस झड़ी का पानी सीधे जमीन में जाता था और वह प्राकृतिक वाटर हार्वेस्टिंग का सिस्टम होता था। सड़कों के साथ साथ ढ़लान क्षेत्र होता था और वहां एकत्रित पानी क्षेत्र में जल स्तर बढ़ाने के साथ ही पशुओं के पीने के काम भी आ जाता था।

# सीडीएस–सीजेआई के विदेशी धरती पर महत्वपूर्ण बयान

वर्षा

भारत के सीडीएस चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को हुए नुकसान को स्वीकार करते हुए कहा कि सामरिक गलतियों के कारण हवाई संपत्तियों का शुरुआत में नुकसान हुआ, लेकिन स्थिति को जल्दी ही संभाल लिया गया। जनरल ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में 15 फीसदी समय फजी ̒खबरों से निपटने में लगा। हम अक्सर नेताओं के भाषण सुनते हैं जिनमें लगभग सभी का यही दावा होता है कि वे जो कह रहे हैं वही जनता के हित में है। अवसर मिलते ही वे हर मुद्दे पर बोलते हैं। फिर चाहे उस मुद्दे पर इनका ज्ञान लगभग शून्य ही क्यों न हो। ऐसे में देखा गया है कि विशेषज्ञ और बड़े पदों पर बैठे बुद्धिमान और जिम्मेदार दिमाग ज्यादातर चुप्पी साध लेते हैं क्योंकि वे जब भी बोलते हैं सत्ता के पित्रक्र्‌ या तो समझ नहीं पाते या फिर उन्हें इस तरह घेरते हैं जैसे उन्होंने कोई देश विरोधी बात कह दी हो, गुनाह कर दिया हो। वही घिसे–पिटे चेहरे टीवी चौनलों पर आकर उन्हें दोषी ठहराने लगते हैं। कई गंभीर मुद्दे यहां श्ऐलिस इन वंडरलैंड। की तरह खो जाते हैं। सियासी दलों को भले ही तुरंत लाभ मिल जाता है लेकिन देश हित में कोई सार्थक विचार कभी आगे नहीं बढ़ पाते। शायद यही वजह है कि विशेषज्ञ देश के भीतर कुछ बोलने में हिचकते हैं लेकिन जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलने का अवसर मिलता है तो वे बेहद सधे हुए ढंग से अपनी बात रखते हैं क्योंकि बड़े मंचों पर आप केवल श्पॉलिटिकली मोटिवेटेड़ नहीं हो सकते। वहां आप अपने विषय के विशेषज्ञ हैं। इस सप्ताह देश के दो बड़े ओहदों से देश के बाहर से जरूरी बातें सामने आई हैं जिसे सबको सुनना चाहिए। ये दो आवाजें हैं–भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान की। भारत के सीडीएस चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को हुए नुकसान को स्वीकार करते हुए कहा कि सामरिक गलतियों के कारण हवाई संपत्तियों का शुरुआत में नुकसान हुआ, लेकिन स्थिति को जल्दी ही संभाल लिया गया। जनरल ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में 15 फीसदी समय फजी ̒खबरों से निपटने में लगा। सिंगापुर में शांगरी–ला डायलॉग में बोलते हुए जनरल ने कहा कि–भारत की रणनीति तथ्यों पर आधारित रही, फिर भले ही जवाब देने में थोड़ी देरी हुई हो। उन्होंने कहा कि इससे साफ होता है कि भारत को सूचना युद्ध (इनफार्मेशन वारफेयर ) के लिए एक अलग और विशेष शाखा की जरूरत है। जनरल चौहान ने कहा कि आर्थिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो बिना लड़ाई के लंबे समय तक सेना को तैनात करना बहुत महंगा पड़ता है। इसलिए भारत ऑपरेशन के बाद जल्दी से डिसइंगेज कर लेता है। लंबे युद्ध देश के विकास में बाधा डालते हैं और यह बात दुश्मन भी जानता है। जनरल चौहान ने शनिवार (31 मई) को सिंगापुर में आयोजित शांगरी–ला डायलॉग में ब्लूमबर्ग और रॉयटर्स को दिए इंटरव्यू में भारत–पाकिस्तान संघर्ष को लेकर जो बातचीत की उसे ऑपरेशन सिंदूर पर दी गई बेहद दुर्लभ लेकिन आधिकारिक जानकारी माना गया है। अजीब यह है कि ऐसे संवाद अब देश के भीतर सुनने को नहीं मिलते, जैसे कोई सुनियोजित ढंग से इसे खत्म करना चाह रहा हो। दिन भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान खोने का जिक्र भी था। जनरल चौहान ने पहली बार यह स्वीकार किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए सैन्य अभियान श्ऑपरेशन सिंदूर। की पहली रात भारतीय वायुसेना के कुछ लड़ाकू विमान नष्ट हो गए थे। उन्होंने इन श्प्रारंभिक नुकसानों। के लिए रणनीतिक चूक को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने विमान गिरे थे। उन्होंने पाकिस्तान के उस दावे को श्पूरी तरह गलत। कहा जिसमें छह भारतीय फाइटर जेट्स को मार गिराने की बात कही गई थी। जनरल चौहान ने जोर दिया कि संख्या नहीं, बल्कि यह समझना जरूरी है कि ये नुकसान क्यों हुए और उनसे कैसे सबक लिया गया। इन नुकसानों के बाद, भारतीय वायुसेना ने लगभग दो दिन तक अपने सभी फाइटर जेट्स की उड़ानें रोक दी थीं। इस दौरान रणनीति की समीक्षा की गई और सुधार किए गए। ब्लूमबर्ग से बातचीत में जनरल चौहान ने कहा, श्हमने यह समझा कि हमने किस स्तर पर टैक्टिकल गलती की थी। उसे ठीक किया, उसमें सुधार किया और दो दिन बाद फिर से सभी विमान उड़ाए और लंबी दूरी से लक्ष्य साधा।। इस रणनीतिक विराम से वायुसेना को फिर से संगठित करने और पाकिस्तान के भीतर गहराई तक सटीक हमले करने का मौका मिला। एक और बात जिससे पाकिस्तान को कट्टर दुश्मन। बताने का भारतीय मीडिया का नैरेटिव खराब होता है, वह भी जनरल चौहान ने कही कि तनावपूर्ण स्थिति के बावजूद दोनों देशों ने संयम और समझदारी दिखाई। किसी भी पक्ष ने स्थिति को परमाणु युद्ध की ओर नहीं बढ़ने दिया। रॉयटर्स से बातचीत में उन्होंने कहा,– ऑपरेशन सिंदूर के हर चरण में दोनों पक्षों ने सोच–समझकर और जिम्मेदारी से कदम उठाए।। उन्होंने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना को बहुत दूर की बात। कहकर खारिज किया और यह भी बताया कि दोनों देशों के बीच संवाद के रास्ते खुले रहे, जिससे संकट को नियंत्रित किया जा सका।

# रूस से आयात में भारी कटौती के लिए अमेरिका का भारत पर दबाव

अंजन



विनिर्माण के उस विशिष्ट समूह के बाहर भारत के लिए विनिर्माण का एक बहुत बड़ा क्षेत्र खुला है, जिसका वह दोहन कर सकता है और देश इन उत्पादों के साथ अमेरिकी बाजार तक पहुंच सकता है। औद्योगिक सहयोग के इन क्षेत्रों में दोनों देशों के लिए लाभ ही लाभ संभव है। वाणिज्य सचिव लुटनिक जिस बात का जिक्र कर रहे थे, उसके पीछे कुछ तर्क और दृष्टिकोण है। भारत द्वारा रूसी हथियारों और शस्त्रों की खरीद श्अमेरिका को परेशान करती हैश। अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के अनुसार, यह भारत–अमेरिका संबंधों में एक परेशानी है। इतना कहने के बाद, यह उल्लेख करना भी आवश्यक है कि भारत विविध संपत्तियों वाला एक बड़ा देश है, विशेष रूप से इसके प्रतिभाशाली लोग जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने में सक्षम हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पहली प्राथमिकता उन्नत विनिर्माण में अमेरिका फर्स्ट है। हालांकि, इसके अलावा अमेरिका के पास मित्रों और सहयोगियों के साथ सहयोग के कई क्षेत्र खुले हैं, जिन्हें भारत द्वारा खोजा जा सकता है। लुटनिक ने बताया कि विनिर्माण के इन उच्चतम तकनीक और उन्नत क्षेत्रों में से कुछ को अमेरिका द्वारा एक सुविचारित नीति के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है। विनिर्माण के उस विशिष्ट समूह के बाहर भारत के लिए विनिर्माण का एक बहुत बड़ा क्षेत्र खुला है, जिसका वह दोहन कर सकता है और देश इन उत्पादों के साथ अमेरिकी बाजार तक पहुंच सकता है। औद्योगिक सहयोग के इन क्षेत्रों में दोनों देशों के लिए लाभ ही लाभ संभव है। वाणिज्य सचिव लुटनिक जिस बात का जिक्र कर रहे थे, उसके पीछे कुछ तर्क और दृष्टिकोण है। आम अमेरिकियों की खपत की जरूरतों को पूरा करने वाले 90प्रतिशत से अधिक सामान्य माल की आपूर्ति वर्तमान में चीन द्वारा की जा रही थी। इसके परिणाम स्वरूप अमेरिका के मुकाबले चीन का व्यापार अधिशेष बहुत अधिक हो रहा था। डोनाल्ड ट्रंप की नीति के तहत, अमेरिका इस असंतुलन को ठीक करने और इन क्षेत्रों के लिए वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाओं को विकसित करने की कोशिश कर रहा है। यह अमेरिकी रणनीति का हिस्सा है और देश को भारत को एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरते हुए देखकर खुशी होगी। दूसरी ओर, अमेरिकी वाणिज्य सचिव ने सहजता से कहा कि यूक्रे न पर मौजूदा शत्रुतापूर्ण स्थिति के संदर्भ में यदि भारत रूस से अपने सभी हथियारों की खरीद जारी रखता है तो इससे भारतीय वस्तुओं की खरीद नीति निर्माताओं के बीच भारत के प्रति प्रतिकूल भावनाएं पैदा करेगी। अमेरिका के लिए सबसे ज्यादा परेशान करने वाली बात सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली – तथाकथित एसएएम–400 की खरीद थी, जो पहलगाम में आतंकवादी हमले की घटना को लेकर भारत–पाक टकराव में बेहद मूल्यवान साबित हुई थी। भारत देश में एसएएश–400 मिसाइल प्रणाली का एक और सेट तैनात करने की योजना बना रहा है। आतंकवादी हमले पर हालिया विवाद से ठीक पहले भारत ने धीरे–धीरे रक्षा उपकरणों और हथियार प्रणाली की खरीद में विविधता ला दी है, जिसमें अमेरिकी हार्डवेयर की खरीद भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारत ने अमेरिकी प्रणालियों और हथियारों की खरीद शुरू की है। भारत और अमेरिका के बीच सहयोग का एक और क्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हो सकता है। उन्नत एआई सिस्टम भारतीय और अमेरिकी विशेषज्ञों के बीच मिलकर बनाये जा सकते हैं और इससे बहुत फायदा होगा। उन्होंने स्वीकार किया कि इन क्षेत्रों में भारतीय दक्षता की आम तौर पर सराहना की जाती है और इनका उपयोग दोनों देशों के लाभ के लिए किया जा सकता है। वास्तव में, राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अपने श्पारस्परिक टैरिफ की घोषणा के बाद, भारत और अमेरिका ने व्यापार वार्ता में भाग लिया है। वर्तमान में केवल कुछ ही देश गंभीर और बहुत आगे बढ़कर व्यापार वार्ता कर रहे हैं, और भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है।

अमेरिका जापान के साथ इसी तरह की व्यापार वार्ता कर रहा है और दक्षिण कोरिया भी इसी तरह की वार्ता कर रहा है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, भारत–अमेरिका व्यापार वार्ता कम समय में पूरी हो सकती है। आम तौर पर, एक व्यापार वार्ता कम से कम दो साल तक चलती है, क्योंकि कई नाजुक और जटिल मुद्दों को सुलझाना होता है। फिर भी, अफवाहों के अनुसार, इन्हें कुछ महीनों की अवधि में ही समेट दिया जा रहा है।

# .......... विविध ..........

## वजन घटाने के लिए अब नहीं रहना पड़ेगा भूखा, ये 5 हाई-फाइबर फूड्स पेट को रखेंगे भरा



आजकल वजन कम करना कई लोगों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। अक्सर लोग अपना वजन कम करने के लिए भूखे रहते हैं या इंटरमिटेंट फास्टिंग करते हैं, बता दें कि इसका कहीं न कहीं दुष्प्रभाव आपके शरीर पर पड़ता है। ऐसे में आप भूखे रहने के बजाए फाइबर युक्त खाद्य पदार्थों को अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं। फाइबर युक्त आहार न केवल पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता है, बल्कि यह पाचन क्रिया को भी बेहतर बनाता है। यह आपकी आंतों के स्वास्थ्य के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में मदद करता है। जब मेटाबॉलिज्म तेज होता है, तो शरीर कैलोरी को तेजी से बर्न करता है। इसलिए, अगर आप भी वजन कम करना चाहते हैं, तो इंटरमिटेंट फास्टिंग या भूखा रहने के बजाए इस लेख में बताए गए फाइबर युक्त खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल कर सकते हैं।

ओटमील

ओटमील घुलनशील फाइबर का उत्कृष्ट स्रोत है, जो पेट को भरा रखता है और भूख को नियंत्रित करता है। इसमें बीटा–ग्लूकन होता है, जो कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाता है। सुबह नाश्ते में एक कटोरी ओटमील दूध या दही के साथ खा सकते हैं।

चना

चना प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होता है, जो वजन घटाने में सहायक हो सकता है। यह भूख को कम करता है और लंबे समय तक पेट भरा रखने का एहसास देता है। भुना हुआ चना, चने की सब्जी को डाइट में शामिल करें।

वेजिटेबल सूप

वेजिटेबल सूप फाइबर और पानी से भरपूर होता है, जो कम कैलोरी में पेट भरता है। गाजर, ब्रोकली, पालक और टमाटर जैसे सब्जियों से बना सूप पाचन को बेहतर बनाता है और वजन घटाने में मदद करता है। इसे दोपहर या रात के खाने से पहले पिएं ताकि भूख कम हो।

अनाज

होल ग्रेन अनाज, जैसे क्विनोआ, ब्राउन राइस और फोर्टिफाइड सीरियल्स, फाइबर से भरपूर होते हैं। ये ब्लड शुगर लेवल को स्थिर रखते हैं और अनावश्यक खाने की इच्छा को कम करते हैं।

मेवे और बीज

बादाम, अखरोट, चिया सीड्स और अलसी के बीज फाइबर, ओमेगा–3 और हेल्दी फैट से भरपूर होते हैं।

ये भूख को नियंत्रित करते हैं और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाते हैं। रोजाना 5–6 बादाम या एक चम्मच चिया सीड्स स्मूदी, दही या सलाद में डालकर खाएं। इन्हें सीमित मात्रा में लें, क्योंकि इनमें कैलोरी अधिक होती है।

सावधानियां

अचानक फाइबर की मात्रा न बढ़ाएं, क्योंकि इससे पेट में गैस या सूजन की परेशानी हो सकती है। धीरे–धीरे डाइट में बदलाव करें।

## तेजी से झड़ते बालों की एक वजह हो सकती है आपकी कंघी

कंघा या कंघी..... हर सभी के लिए काफी अहम होती है। पुरुषों से लेकर महिलाएं तक अपने बैग में कुछ रखें या न रखें, लेकिन कंघी अवश्य रखते हैं। इससे बालों को सुलझाने में मदद मिलती है, और साथ ही में इसकी मदद से ही महिलाएं अलग–अलग हेयर स्टाइल बनाती हैं। लोगों की मदद करने वाली ये सस्ती सी कंघी आपके बालों को जड़ों से कमजोर कर सकती है। सुनने में अजीब लगा ना, लेकिन ये हकीकत है। कंघी की वजह से वजह से बाल जड़ से कमजोर होकर टूटने लगते हैं। कई बार तो ये समस्या इतनी बढ़ जाती है कि बाल अपने आप ही झड़ने लगते हैं। यदि आपके बाल भी झड़ रहे हैं तो आपको कंघी इस्तेमाल करते समय कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए।

कंघी का गंदा होना

यदि आप गंदी कंघी का इस्तेमाल कर रहे हैं तो आपको संभलने की जरूरत है। गंदी कंघी आपके बालों की जड़ों में बैक्टीरिया को जमा करती है, जिस कारण बालों की जड़ें कमजोर हो जाती हैं और बाल अपने आप ही झड़ने लगते हैं।कंघी में जमा धूल, तेल और बाल भी संक्रमण और झड़ने की वजह बनते हैं। इसलिए हफ्ते में कम से कम दो बार कंघी को गर्म पानी में डालकर साफ करें।

खराब क्वालिटी की कंघी होना

विशेषज्ञों का कहना होता है कि अगर आप लकड़ी की कंघी इस्तेमाल करेंगे तो ये आपके बालों के लिए ज्यादा लाभदायक होती है। पर, अगर आप प्लास्टिक की कंघी इस्तेमाल कर रहे हैं, तो ध्यान रखें कि उसकी क्वालिटी सही हो। खराब क्वालिटी की कंघी आपके बालों को कमजोर बना सकती है।

बालों को तेजी से कंघी करना

अक्सर जल्दबाजी में लोग तेज–तेज कंघी करते हैं, जिससे बाल खिंचने लगते हैं। इस गलती को भी आपको दोहराने से बचना चाहिए। कंघी हमेशा आराम से और धीरे–धीरे ही करनी चाहिए। इससे आपके बाल जड़ से कमजोर नहीं होंगे।चाहे जल्दी कितनी भी हों, लेकिन फिर भी बाल धीरे–धीरे ही संवारें।

ज्यादा कंघी का इस्तेमाल

बहुत से लोगों को आदत होती है बार–बार कंघी इस्तेमाल करने की। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। बार–बार कंघी इस्तेमाल करने बालों की जड़ें कमजोर होती हैं, और फिर इससे हेयर फॉल बड़ जाता है। इससे स्कैल्प पर भी दवाब पड़ता है। इसलिए ध्यान रखें कि दिन में 2–3 बार हल्के हाथ से कंघी करना काफी है।

गीले बालों में कंघी का इस्तेमाल

सुबह सवेरे किसी के पास इतना समय नहीं होता, कि वो अपने बालों को सही तरह से सूखने दें और फिर कंघी करें। इसी के चलते जल्दबाजी में लोग गीले बालों में ही कंघी कर लेते हैं, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। गीले बालों में कंघी करने से भी बालों की जड़ें कमजोर होती हैं, इसलिए इससे भी बचें।



## बकरीद की छुट्टी है तो इन जगहों पर घूमने का बना लें प्लान




इस महीने की शुरुआत इस्लाम धर्म के एक महत्वपूर्ण त्योहार के साथ हो रही है। बकरीद इस्लाम धर्म का पवित्र पर्व है। इस साल भारत में बकरीद या ईद उल अजहा का पर्व 7 जून 2025 को मनाया जा रहा है। इसके साथ ही वीकेंड मिल रहा है। अगर आपके पास इस बकरीद पर छुट्टी है और आप कुछ सुकून भरे पल बिताना चाहते हैं तो भारत में कई ऐसी जगहें हैं जो कम भीड़–भाड़ वाली, शांत और खूबसूरत हैं। बस ध्यान रखें कि बकरीद के दौरान मुस्लिम धार्मिक स्थलों पर भीड़ ज्यादा हो सकती है, इसलिए भीड़भाड़ वाली जगहों का चयन कर रहे हैं तो होटल व ट्रेन बुकिंग पहले से करा लें। इस लेख में कुछ बेहतरीन स्थलों के बारे में बताया जा रहा है, जहां आप बकरीद की छुट्टी मनाने जा सकते हैं। इन स्थलों की सैर आप दो से तीन दिन में कर सकते हैं।

लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ईद उल अजहा का पर्व लजीज पकवानों के साथ मनाया जाता है। इस शहर में बड़ा इमामबाड़ा और छोटा इमामबाड़ा है, जो ईद के उत्साह में खिल उठता है। यहां आने वाले टुन्डे कबाब, बिरयानी का लुत्फ उठाने के साथ ही कई तरह के स्वादिष्ट पकवानों का स्वाद चख सकते हैं। यहां आप चिकनकारी शॉपिंग कर सकते हैं।

मुन्नार

भारत का दक्षिणी राज्य केरल अपनी परंपराओं के अनूठे मिश्रण के लिए जाना जाता है और ईद उल अजहा यहां विशेष उत्साह के साथ मनाया जाता है। आप केरल के खूबसूरत हिल स्टेशन मुन्नार में छुट्टियां बिताने भी जा सकते हैं जो प्रकृति प्रेमियों के लिए बेहतरीन विकल्प है। छुट्टियों में यहां पहुंचकर आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। साथ ही आप बकरीद के दौरान यहां की समृद्ध संस्कृति का अनुभव भी प्राप्त कर सकते हैं।

माउंट आबू

राजस्थान का इकलौता हिल स्टेशन माउंट आबू है, जहां जून की गर्मी में भी मौसम खुशगवार रहता है। बकरीद की छुट्टी को रोमांटिक और यादगार बनाने के लिए यह जगह बेहतरीन विकल्प है। बजट और कम वक्त में आप यहां अपने परिवार, पार्टनर या बच्चों संग छुट्टियां बिताने के लिए आ सकते हैं।

दार्जिलिंग

अगर आप पूर्वोत्तर की ओर जाना चाहते हैं तो पश्चिम बंगाल जाएं। यहां स्थित दार्जिलिंग के खुशनुमा मौसम में सुकून के साथ छुट्टियां बिताना गर्मियों में सबसे शानदार अनुभव बन सकता है। यहां टॉय ट्रेन और कंचनजंगा की पहाड़ियों का नजारा यात्रा को यादगार बना देगा।

# अब्बास अंसारी की सदस्यता जाने पर अखिलेश यादव का आया बयान



लखनऊ, संवाददाता। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव नेअब्बास अंसारी की सदस्यता रद्द होने को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जानबूझकर उनकी सदस्यता रद्द की है। सरकार में बैठे लोग हमारे खिलाफ न जाने क्या–क्या बोलते रहते हैं। उनकी सदस्यता तो नहीं जाती है। सिर्फ समाजवादियों नेताओं की ही सदस्यता रद्द की जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि ऐसा लगता है कि जाति के आधार पर फैसले हो रहे हैं। कुछ जजों को इसीलिए नियुक्त किया जा रहा है।

अखिलेश यादव शुक्रवार को लखनऊ में सपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। बता दें कि हेट स्पीच केस में सजा के एलान के बाद यूपी के मऊ से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म हो गई है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उनकी सीट को रिक्त घोषित कर दिया है। इसके लिए रविवार को छुट्टी के दिन सचिवालय खोला गया था। चुनाव आयोग को इसकी सूचना भेज दी गई थी। अब इस विधानसभा सीट के उपचुनाव पर सबकी नजर है।

अखिलेश यादव ने कहा कि हम पंचायत चुनाव के लिए तैयार हैं। इन चुनाव में और 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग इन चुनाव में जीत के लिए गड़बड़ी कर सकते हैं। ऐसे में इन लोगों पर नजर रखने की जरूरत है।

# यूपी ने देशभर में खुद को रोल मॉडल के रूप में किया स्थापित

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। यहां सर्किट हाउस में वैश्य समाज के प्रतिनिधियों और व्यापारी नेताओं ने उनका स्वागत किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पूरे देश के लिए एक रोल मॉडल के रूप में अपने आप को स्थापित करने में सफल हुआ है। अब इसकी पहचान रिवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में होती है। मंत्री ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में हम लोगों ने ग्लोबल इन्वेस्टर सबमिट की। इसमें 33 लाख 50 हजार करोड़ के एमओयू प्राप्त हुए, जो बढ़कर अब 50 लाख करोड़ को क्रॉस कर रहे हैं। ये यह दर्शाता है कि हमने निवेशकों का भरोसा और विश्वास जीता है। इसमें से लगभग 15 लाख करोड़ की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कर चुके हैं। पूरे देश में जब हम इन्वेस्टर सबमिट और इन्वेस्टर सबमिट के बाद ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की बात करें तो सबसे उच्चतर स्तर पर उत्तर प्रदेश है और परसेंटेज में हम एमओयू को धरातल पर उतारने में सफल हुए हैं।डिफेंस कॉरिडोर के तहत आज ब्रह्मोस मिसाइल भी लखनऊ की धरती पर बना रही है। डिफेंस कॉरिडोर में भी हमें बड़े इन्वेस्टमेंट प्राप्त हुए हैं और सारी इंडस्ट्रीज चल पड़ी है।

राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा दुनिया भर के सनातनियों के लिए गौरव का पल

राम मंदिर में राजा राम की प्राण प्रतिष्ठा पर नंदी ने कहा कि भारत की आत्मा, भारत के लोगों के मन में राम हैं। मेरे मन में, तन में और रोम रोम में राम हैं। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा यह देश ही नहीं उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरी दुनिया में सनातन को जो लोग मानते हैं, उनके लिए गौरव का दिन है। पूरी दुनिया के लोग अयोध्या आना चाहते हैं। रामलला के दर्शन करना चाहते हैं। उनका आशीर्वाद लेना चाहते हैं।

हताश विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं

विपक्ष पर हमलावर होते हुए मंत्री ने कहा कि विपक्ष अपना सब कुछ खो चुका है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। विपक्ष हताशा में है। विपक्ष आईसीयू में है। उपचुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की जीत हुई। 2014 से ही इस देश के मतदाताओं ने यह बीड़ा उठाया है। इस देश की तरक्की चाहने वाला, हिंदुस्तान को ऊंचाई पर देखने वाला हर व्यक्ति हिंदुस्तान के सपनों को साकार करने वाला स्वप्न देखने वाला हर व्यक्ति आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्वास कर रहा है। भरोसा कर रहा है। मोदी प्रधानमंत्री नहीं प्रधान सेवक की तरह सेवा कर रहे हैं।

ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सैन्य शक्ति का पूरी दुनिया ने माना लोहा

ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सैन्य शक्ति का पूरी दुनिया ने लोहा माना है।

दो–तीन दिन के अंदर ही पाकिस्तान को समझौते और सीजफायर के लिए घुटने पर ला दिया। प्रधानमंत्री के विजन और डबल इंजन की सरकार में अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचे, अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए सरकार काम कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### सडक पर महिला के प्रसव होने के मामले में हटाई गई डा. अंजु जायसवाल

अयोध्या। सीएमओ डॉक्टर सुशील कुमार ने सड़क के किनारे झाड़ियों में महिला के प्रसव मामले को गंभीरता से लिया है।इस संबंध मे उन्होंने बताया कि इस मामले में प्रथम दृष्टया रुदौली सीएचसी पर तैनात डॉ अंजु जायसवाल को हटाकर सीएचसी मवई भेजा है।वही उनकी जगह पर सीएचसी मवई की डॉक्टर रीना मिश्रा को सीएचसी रुदौली भेजा गया है। बताया कि इस मामले की जांच करने के आदेश गठित टीम को दिए गए हैं।मालूम हो कि शुक्रवार को डॉक्टर अंजु जायसवाल ने एनीमिया बता कर प्रसव पीड़िता महिला को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया था।जिसके चलते रास्ते में ही स्थानीय महिलाओं ने सड़क के किनारे झाड़ी के पास प्रसव पीड़ित महिला को प्रसव कराया।जो जिले मे चर्चा का विषय बनी रही और स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल भी खड़े हुए।

### विवाहिता की मौत के मामले में पति, सास–ससुर गिरफ्तार

लखनऊ, संवाददाता। ठाकुरगंज के जनरैलगंज निवासी विवाहिता प्रिया दीक्षित की मौत के मामले में बृहस्पतिवार को पति व सास–ससुर को दहेज हत्या के केस में गिरफ्तार किया गया। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने बताया कि 23 मई को ठाकुरगंज के पुराना तोपखाना निवासी पीयूष दीक्षित ने बहन प्रिया के पति शुभम, सास गीता, ससुर गिरधर नारायण, ननद, नंदोई, मामा व मामी के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कराया था। घटना के बाद से आरोपी भागे हुए थे और बार–बार लोकेशन बदल रहे थे। बृहस्पतिवार को पुलिस ने सर्विलांस की मदद से शुभम, गीता और गिरधर को कालीचरण पीजी कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया। पीयूष ने बताया था कि उसकी बहन का विवाह 10 दिसंबर 2024 को हुआ था। ससुरालवाले दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करते थे। दो फरवरी से प्रिया मायके में रहने लगी। यहीं 22 मई की रात उसने फांसी कर ली। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी शुभम बाराबंकी के सरकारी स्कूल में शिक्षक है।

### लखनऊ और गोरखपुर के उच्च शिक्षा अधिकारी सहित चार लोगों का तबादला

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश में राजधानी लखनऊ और गोरखपुर के उच्च शिक्षा अधिकारी सहित चार लोगों का तबादला किया गया है। इसके लिए विशेष सचिव निधि श्रीवास्तव ने आदेश पत्र जारी किया। लखनऊ के क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ सुधीर चौहान को हरदोई के पिहानी स्थित राजकीय महाविद्यालय का प्राचार्य बनाया गया है। वहीं गोरखपुर में तैनात क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ अश्वनी मिश्रा को लखनऊ के क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है।

# पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क में 10 हजार करोड़ का होगा निवेश

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी लखनऊ में हरदोई–लखनऊ सीमा पर प्रस्तावित पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल और परिधान पार्क के विकास के लिए मास्टर डेवलपर के चयन की प्रक्रिया तेज हो गई है। टेक्सटाइल पार्क का विकास, विपणन और संचालन पीपीपी मोड पर होगा। मेगा पार्क में 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने बताया कि चयनित मास्टर डेवलपर वैश्विक मानकों के अनुसार मास्टर प्लान तैयार करने और एसपीवी के दिशा निर्देशों का पालन करने के लिए उत्तरदायी होगा। यह परियोजना डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट, ट्रांसफर (डीबीएफओटी) मॉडल पर आधारित है। इसे मास्टर डेवलपर को 50 वर्षों की रियायती अवधि के लिए दिया जाएगा।

मास्टर डेवलपर करेगा पार्क का संचालन और प्रबंधन

डीबीएफओटी मॉडल के अनुसार मास्टर डेवलपर पार्क के लेआउट, सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर का डिजाइन तैयार करेगा और पूरे पार्क का निर्माण करेगा। मास्टर डेवलपर ही पार्क का संचालन और प्रबंधन करेगा। रियायत अवधि समाप्त होने के बाद पार्क का स्वामित्व और संचालन अधिकार राज्य सरकार और एसपीवी को सौंप दिया जाएगा। केंद्र सरकार कोर इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए दो चरणों में 500 करोड़ रुपये देगी। राज्य सरकार पार्क के विकास के लिए कई सब्सिडी के रूप में प्रोत्साहन भी देगी।

51 फीसदी होगा राज्य सरकार का शेयर

योजना से संबंधित आरएफपी दस्तावेज और ड्राफ्ट कंसेशन एग्रीमेंट को अंतिम रूप देकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष पेश किया जाएगा। समिति की सिफारिशें मंत्रिपरिषद को अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। पार्क के विकास के लिए भूमि को 99 वर्ष की लीज पर प्रति वर्ष प्रति एकड़ एक रुपये की दर से हस्तांतरित किया जा चुका है।

49 प्रतिशत केंद्र सरकार का शेयर होगा

पीएम मित्र पार्क में 51 प्रतिशत शेयर यूपी सरकार और 49 प्रतिशत केंद्र सरकार का शेयर होगा। इसके तहत राज्य सरकार की जिम्मेदारी पार्क के लिए 1000 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने, चार लेन सड़क कनेक्टिविटी, विद्युत आपूर्ति और पानी की आपूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाएं मुहैया करानी होंगी।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हादसे का शिकार हुआ कंटेनर

लखनऊ, संवाददाता। यूपी के बाराबंकी में शुक्रवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। जबकि, एक गंभीर रूप से घायल हो गया। कंटेनर चालक को झपकी आने ने हादसा होना बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया है। हादसा सुबेहा क्षेत्र में हुआ। सुबह एक कंटेनर लखनऊ से अंबेडकरनगर जा रहा था। इसे मोहम्मद कैफ (25 वर्ष) निवासी रसूलपुर, थाना मालीपुर चला रहा था। उसके साथ खलासी मोहम्मद रासिद निवासी हटवा, थाना बसखारी और मोहम्मद राशिद निवासी आंशुपुर, थाना अलीगंज सवार थे। सुबेहा क्षेत्र में चालक को झपकी आ जाने से कंटेनर किसी भारी वाहन से टकरा गया। इससे उसका अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। यूपीडा की पेट्रोलिंग टीम ने तीनों को अमेठी के सीएचसी, बाजारशुकुल भेजा। वहां से उन्हें ट्रॉमा सेंटर जगदीशपुर के लिए रेफर कर दिया गया। मोहम्मद कैफ ने रास्ते में दम तोड़ दिया। इलाज के दौरान मोहम्मद रासिद की मौत हो गई। वहीं घायल का इलाज चल रहा है। यूपीडा अधिकारी हरी सिंह ने बताया कि हादसे की वजह से कुछ समय के लिए एक्सप्रेसवे पर यातायात बाधित रहा। कंटेनर को हटवाकर यातायात बहाल कर दिया गया है। इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### हजरत मुस्लिम की शहादत को याद कर गमगीन हुए अजादार

लखनऊ, संवाददाता। हजरत इमाम हुसैन के सफीर (दूत) हजरत मुस्लिम बिन अकील (अस) की शहादत की याद में बृहस्पतिवार को शहर में कई जगहों पर मजलिसों का आयोजन कर गम मनाया गया। अजादारों ने मजलिसों में शामिल होकर आंसुओ से पुरसा दिया। रुस्तम नगर स्थित दरगाह हजरत अब्बास में सफीर–ए–हुसैन का मातम शीर्षक से आयोजित मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद ने खिताब किया। मौलाना ने कहा कि हजरत मुस्लिम वह महान व्यक्ति थे उनके कई बेटे हजरत इमाम हुसैन (अ.स) पर कुर्बान हो गए। मजलिस के बाद शहर की अंजुमनें हजरत मुस्लिम के ताबूत को नौहाख्वानी करती हुई शबीह–ए–नजफ ले गई। डालीगंज स्थित कर्बला शाह नसीरूद्दीन हैदर में मजलिस को मौलाना अनवर हुसैन ने खिताब किया। मजलिस के बाद ताबूत और जुलजनाह की जियारत कराई गई। इस दौरान अंजुमन शब्बीरया, मुहिब्बाने हुसैन आदि ने नौहाख्वानी की। हुसैनाबाद स्थित रौजा–ए–हजरत मुस्लिम रईस मंजिल में अंजुमन गुंचाए मेहंदिया की ओर से आयोजित मजलिस को मौलाना गुलाम मेहंदी ने खिताब किया। चौक स्थित जन्नत की खिड़की में आयोजित मजलिस को मौलाना सैयद मोहम्मद अस्करी ने खिताब किया।

### ढाई वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में ढेर

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी लखनऊ में शुक्रवार की तड़के पुलिस ने ढाई वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को मुठभेड़ में मार गिराया। वह भागने की फिराक में था। इससे पहले की जिले की सीमा छोड़ता, उसका सामना पुलिस से हुआ। डीसीपी सेंट्रल आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि पांच जून की सुबह 10 बजे शिकायत मिली थी। इसमें बताया गया कि ढाई वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है। मामले में केस दर्ज करके आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें गठित की गईं। सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान दीपक वर्मा के रूप में हुई। पुलिस कमिश्नर को एक लाख रुपये का इनाम घोषित करने का प्रस्ताव दिया गया था। इनाम घोषित होने से पहले मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी क्षेत्र में है। वह भागने की फिराक में है। इस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग झोंकनी शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी को गोली लग गई। उसे अस्पताल ले जाया गया। वहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

### गोमती में मृत मिले दिव्यांग की हुई थी हत्या

लखनऊ, संवाददाता। बीकेटी के मल्लाहन खेड़ा में 16 अप्रैल को गोमती में मृत मिले दिव्यांग अनुराग कुमार (24) की हत्या की गई थी। यह आरोप लगाते हुए उनके भाई माल के टिकरी कला गांव निवासी रमेश ने अज्ञात के खिलाफ एक जून को हत्या का केस थाने में दर्ज कराया है। रमेश के मुताबिक अनुराग बीकेटी के न्यू फौजी ढाबा पर काम करता था। आठ अप्रैल को वह दोपहर 12 बजे बिना किसी को बताए ढाबे से कहीं चला गया।

# क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर 1.92 करोड़ ऐंठे

लखनऊ, संवाददाता। क्रिप्टो करेंसी में निवेश का झांसा देकर साइबर ठग ने गोमतीनगर के विजयंत खंड निवासी व्यापारी शलभ पांडेय से 1.92 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई है। शलभ के मुताबिक 26 अप्रैल को फेसबुक पर उनकी दोस्ती भाविका शेट्टी से हुई। उसने बताया कि वह कोलकाता में स्कूल और वृद्धाश्रम खोलने की योजना बना रही है। इभाविका ने खुद को क्रिप्टो करेंसी कंपनी में निवेश संबंधी मामलों का विशेषज्ञ बताया। झांसे में आए शलभ ने भाविका के कहने के मुताबिक एक्स एमईएक्स व्हाट्सएप आधारित पोर्टल के माध्यम से 50 हजार रुपये निवेश कर दिए। कुछ दिन बाद उनके पोर्टफोलियो में लाभ और बोनस दिखने लगा। भाविका ने उन्हें और निवेश करने के लिए कहा। ऐसे में शलभ ने 17 मई तक कई बार में एक करोड़ 92 लाख 50 हजार रुपये 11 खातों में ट्रांसफर कर दिए। हालांकि, जब उन्होंने मुनाफे की रकम निकालनी चाही तो भाविका ने 49 लाख रुपये अमेरिकी टैक्स और भारत–पाक के बीच तनाव के कारण 53.82 लाख रुपये का टैक्स भरने की बात कही। शलभ के मना करने पर पोर्टल से उनका पोर्टफोलियो हटा दिया और व्हाट्सएप पर भी ब्लॉक कर दिया। ठगी का अहसास होने पर शलभ ने दो जून को पुलिस से शिकायत की। इंस्पेक्टर बृजेश यादव ने बताया कि तहरीर पर आईटी एक्ट, धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पीड़ित ने जिन खातों में रकम डाली, उनका ब्योरा खंगाला जा रहा है।

# फिदायीन आतंकियों को घुसपैठ कराने वाला फरहान नहीं होगा रिहा



लखनऊ, संवाददाता। बांग्लादेश से संचालित आतंकी संगठन के फिदायीन आतंकियों को भारत में घुसपैठ कराने वाला राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज निवासी फरहान जेल से रिहा नहीं हो पाएगा। वाराणसी जेल में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे फरहान की समयपूर्व रिहाई की याचिका राज्यपाल ने खारिज कर दी है। उसे वर्ष 2006 में चार साथियों के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस बाबत जारी आदेश के मुताबिक फरहान ने अपने साथियों के साथ मिलकर बांग्लादेश से संचालित फिदायीन आतंकी संगठन हरकत –उल– जेहाद –अल–इस्लामी के आतंकियों को भारत में घुसपैठ कराई थी। इस मामले में उसे लखनऊ की फास्ट ट्रैक कोर्ट 23 जनवरी 2008 को उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

कारागार विभाग को आदेश जारी कर दिया गया

हाईकोर्ट में उसकी अपील अभी लंबित है। जेल में करीब 19 वर्ष की सजा भुगतने के बाद उसने समयपूर्व रिहाई की याचिका दी थी। लेकिन, लखनऊ जिला व पुलिस प्रशासन और प्रोबेशन बोर्ड ने उसकी रिहाई की संस्तुति नहीं की। इसके बाद राज्यपाल ने उसकी याचिका को खारिज कर दिया है। शासन ने इस बाबत कारागार विभाग को आदेश जारी कर दिया गया है।

# गोमती तट पर सफाई कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

लखनऊ, संवाददाता। गंगा दशहरा, विश्व पर्यावरण दिवस और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के मौके पर नगर निगम की ओर से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। गोमती के तट पर लगभग 10 किलोमीटर के क्षेत्र में फैले रिवर फ्रंट की सफाई की गई। लक्ष्मण मेला घाट पर नगर विकास मंत्री एके शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने गोमती की सफाई की और रुद्राक्ष का पौधा रोपा। मंत्री ने 33 वार्डों में सफाई कार्य करने वाली निजी कंपनी लायन इंवायरो की छह सीएनजी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि जल, वायु और पृथ्वी जैसे पंचतत्वों का संरक्षण आज की आवश्यकता है।

अतीत में हमारी पारंपरिक जीवनशैली को कमतर समझा गया, लेकिन अब वही परंपराएं पर्यावरण संरक्षण का मार्ग दिखा रही हैं।

उन्होंने बताया कि अयोध्या को सोलर सिटी घोषित किया जा चुका है, जहां 30 प्रतिशत ऊर्जा सौर स्रोतों से पूरी की जा रही है। अब लखनऊ को भी इसी दिशा में ले जाया जाएगा। उन्होंने प्लास्टिक से हो रहे जानवरों के नुकसान पर चिंता जाहिर करते हुए इसके उन्मूलन की अपील की।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदैव स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जल स्रोतों के पुनर्जीवन को प्राथमिकता दी है। ऐसे में यह अभियान उनके जन्मदिवस पर उन्हें हमारी ओर से एक संवेदनात्मक और सामूहिक उपहार है। उन्होंने कहा कि गोमती में जलकुंभी की समस्या को दूर करने और प्लास्टिक से निजात पाने के लिए नागरिकों की भागीदारी जरूरी है।

# पुलिस में फिर भर्ती होंगी करीब 3800 महिलाएं

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश पुलिस में महिलाकर्मियों की संख्या में फिर इजाफा होने वाला है। इसके बाद महिला पुलिसकर्मियों की संख्या करीब 55 हजार हो जाएगी। जल्द 24 हजार पदों पर होने वाली भर्ती में भी करीब 3800 महिलाओं को खाकी पहनने करने का मौका मिलेगा। खासकर पीएसी की तीन नई महिला वाहिनियों में 2388 पद भरे जाएंगे। इसके अलावा नागरिक पुलिस में भी सिपाही और उपनिरीक्षक के 20 फीसदी पदों पर महिलाओं को भर्ती होने का अवसर मिलेगा। बता दें कि प्रदेश पुलिस में वर्तमान में करीब 37 हजार महिलाएं कार्यरत हैं। इसमें से 35 हजार नागरिक पुलिस में हैं। बीते दिनों सिपाही नागरिक पुलिस की भर्ती में भी 12 हजार महिलाओं का चयन हुआ है।

20 फीसदी तक महिलाएं पुलिस बल में हो जाएंगी

प्रदेश पुलिस में जल्द करीब 24 हजार पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी होगा। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। शासन की हरी झंडी मिलते ही इसका विज्ञापन जारी कर अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे जाएंगे। सूत्रों की मानें तो आगामी 15 जून तक विज्ञापन जारी हो सकता है। पहले यह अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में जारी करने की तैयारी थी। डीजीपी मुख्यालय ने भर्ती बोर्ड को सिपाही के 19,220 पदों और उप निरीक्षक के 4543 पदों पर भर्ती का प्रस्ताव बीते दिनों भेजा था। इनमें सिपाही पीएसी के 9837, सिपाही पीएसी महिला वाहनी के 2282, सिपाही नागरिक पुलिस के 3245, सिपाही पीएसी/सशस्त्र पुलिस 2444, सिपाही विशेष सुरक्षा बल के 1341 और घुड़सवार पुलिस के 71 पद (कुल 19220) पद शामिल थे।

# पुरानी रंजिश में मां–बेटे की पीट–पीटकर हत्या

लखनऊ, संवाददाता। यूपी के अयोध्या में गुरुवार देर रात जमीनी रंजिश में मां–बेटे की पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। वहीं छोटा बेटा और बहू गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात है। घटना खंडासा थाना क्षेत्र के महुआ पूरे फौजदार गांव की है। गांव निवासी प्रेम कुमार (22) पुत्र माता प्रसाद और उसकी मां कुंता (55) की हत्या हुई है। जबकि छोटा भाई दीनानाथ (18), भाभी अनीता (28) गंभीर रूप से घायल हैं।

तेरहवीं कार्यक्रम में दोनों पक्षों में हुई थी कहासुनी

बताया गया कि प्रेम कुमार और गांव के ही सोनू पुत्र रामनाथ के बीच जमीन का विवाद चल रहा था। नायब तहसीलदार अमानीगंज के यहां मुकदमा भी चल रहा है। गुरुवार रात पड़ोस के गांव अंडूतारा में तेरहवीं कार्यक्रम था। इसमें प्रेम के भाई कालू और दूसरे पक्ष के लोगों की बीच कहासुनी हो गई। गांव लौटने के बाद रात करीब 10 बजे दोबारा गाली–गलौज शुरू हो गई।

# ईद–उल–अजहा की नमाज से पहले नहीं कर सकते हैं कुर्बानी

लखनऊ, संवाददाता। दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल की ईद–उल–अजहा हेल्पलाइन का सहारा लेकर बृहस्पतिवार को भी मुसलमानों ने आशंकाओं को दूर किया। हेल्पलाइन पर दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा के पैनल ने सवालों के जवाब दिए। हेल्पलाइन के फोन नंबरों 9415023970, 9335929670, 7007705774, 9415102947, 9140427677 और वेबसाइट www.farangimahal.in पर 10 जून तक दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक कुर्बानी, हज, उमरा और इबादत से जुड़ी अन्य आशंकाओं से जुड़े सवाल पूछे जा सकते हैं। सवालों के जवाब ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी की अध्यक्षता में उलमा का एक पैनल देता है।

# नहीं मिला दहेज तो पति पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाया

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर जफराबाद थाना क्षेत्र के वसीरपुर गांव निवासी एक युवती ने अपने पति के ऊपर दहेज न मिंलने पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कहा कि तीन लाख का जेवरात मांगने की जीद पर अड़े ससुराल पक्ष के लोगों ने मेरे पति का निकाह दूसरी अन्य लड़की से करा दिया। जबकि उसने मुझे तलाक भी नहीं दिया है। चोरी छुपे कराई गई दूसरी शादी के बाबत जब पुलिस ने दबाव बनाया तो आरोपी पक्ष के लोग घर में ताला बंद कर फरार हो गए। पीड़ित विवाहिता ने कहा कि उसे जल्द न्याय नहीं मिला तो वह मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत करेंगी। पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। वसीरपुर गांव निवासी नसरीन पुत्री अफसल ने 10 जुलाई 24 को रामनगर भरसड़ा में रहने वाले फैसल अमीन पुत्र अब्दुल अमीन के साथ किया था। दोनो ने यह शादी अपने प्रेम सम्बन्ध में की थी। शादी के बाद नसरीन वाराणसी के फूलपुर स्थित एक फैक्टरी में काम करने लगी। वही पर वह किराए के घर मे पति के साथ रहती थी। 24 अप्रैल से फैसल बहाना बनाकर अपने माँ बाप के पास आ गया। जहां पर तय कार्यक्रम के अनुसार 27 अप्रैल को फैसल का वाराणसी में दूसरी एक अन्य लड़की से निकाह कराया गया। इसकी जानकारी जब नसरीन को हुई तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसने फसल के परिवार के लोगों से जानकारी की और बताया कि उसका पहले निकाह हो चुका है वह बताओ पत्नी के रूप में उसके साथ रहती है तो उन लोगों ने उसे फैसल की पत्नी करने से इनकार कर दिया। आखिरकार थकहार कर नसरीन सीधे फैसल के घर ही पहुंच गई। वहां से पूरा परिवार ताला बंद करके फरार था। पास पड़ोस के लोगों से पूछा तो मालूम हुआ की फैसल की दूसरी शादी करने के बाद से ही यह लोग कहीं और चले गए हैं। इसके बाद नसरीन जफराबाद थाना प्रभारी के पास पहुंच कर आप बीती सुनाई। और उन्हें ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज के नाम पर तीन लाख का जेवरात मांगने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया। नसरीन ने बताया कि उससे फैसल के घर वाले एक लाख के करीब नगद ले चुके हैं। मुझसे और दहेज की मांग की जा रही थी। दहेज नहीं दे पाने की वजह से ही उन लोगों ने यह दूसरी शादी किया हैं। जाफराबाद के प्रभारी चौकी मनोज कुमार राय ने बताया कि घटना स्थल फूलपुर का है। महिला यहां कि रहने वाली है। ससुराल के लोग रामनगर भरसड़ा में रहते थे। फिलहाल वह भी भागे हुए है। अपने स्तर से आरोपियों को पकड़ने का प्रयास चल रहा है। आरोपी जल्द पकड़े जाएंगे।

## योगी सरकार में विकास कार्य के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है – गिरीश चंद्र यादव



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव ने विकास खण्ड करंजाकला के ग्राम कोहड़ा ग्राम में एकीकृत विकास योजना तीन परियोजना का शिलान्यास किया। इस तीनों परियोजना में लगभग 700 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य व 140 मीटर शिवर व नाली के निर्माण का कार्य भी है। इस परियोजना में कुल लागत इकतालीस (41) लाख रुपए खर्च होगा, यह कार्य कार्यदाई संस्था यू पी सिडको द्वारा कराया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम वाशियो को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में विकास कार्य के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है हमारे विधानसभा का कोई भी ऐसा गांव नहीं बचा है, जहां कोई न कोई विकास कार्य नहीं हुआ हो, हर तरफ अच्छी सड़कों निर्माण हुआ, कुछ सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण भी कराया गया हैं, जिससे आम जनमानस को आवा गमन में कोई असुविधा न हो, शिलान्यास कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजकेसर पाल, धनई मौर्या प्रधान, प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन, प्रशांत सिंह दीपक, श्रीमती चमेला देवी प्रधान, अजय सिंह व मनीष श्रीवास्तव सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रेमिका को अपशब्द कहने पर दोस्त ने दोस्त की हत्या किया

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । एक दोस्त द्वारा प्रेमिका के बारे में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी ने दोस्ती को खत्म कर दिया। सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के कुधुआ निवासी रंजीत निषाद ने अपने दोस्त दिलीप गौतम की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना शुक्रवार सुबह 8 बजे की है। रंजीत दिलीप के घर गया था। दोनों कमरे में अकेले थे। बातचीत के दौरान दिलीप ने रंजीत की प्रेमिका पिंकी के बारे में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। इससे क्रोधित होकर रंजीत ने अपनी पिस्टल से दिलीप पर गोली चला दी। वारदात के बाद रंजीत अपनी पैथोलॉजी लैब गया। वहां से मोटरसाइकिल से पिस्टल लेकर अपने घर पहुंचा और उसे एक कमरे में छिपा दिया। फिर वापस दुकान पर आकर काम करने लगा। कुछ देर बाद दिलीप की बड़ी बहन परी ने उसे मृत अवस्था में पाया। परिजनों के बुलाने पर रंजीत भी मौके पर पहुंचा और दिलीप को सिंगरामऊ अस्पताल ले गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद रंजीत वहां से फरार हो गया।पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रंजीत को गिरफ्तार किया। मामले का शनिवार को खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि 6 जून को सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के खानपुर गांव में दिलीप गौतम नामक व्यक्ति के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना मिली थी इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन किया था।

प्रथम दृष्टया यह देखने पर लगा कि सर पर गोली के निशान है परिजनों की तहरीर पर गांव के ही अभिषेक नामक युवक पर हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया गया था।इससे इनकी पुरानी दुश्मनी थी। घटना के आवरण के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा तीन टीमों का गठन किया गया था। टीमों का संयुक्त प्रयास से आज मृतक के साथी को गिरफ्तार किया गया है। उसे पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि अभियुक्त की प्रेमिका को लेकर घटना वाले दिन मृतक से इसका विवाद हुआ था इसके बाद उसने इसकी गोली मार कर हत्या की थी। आरोपी के निशानदेही पर उसके घर के पास से हत्या में प्रयुक्त 32 बोर का पिस्टल और कारतुस बरामद किया गया है। साथ ही सिंगरामऊ थानाध्यक्ष को आदेश किया गया है कि पूरी जानकारी कर अग्रिम विधि कार्रवाई करें।इसका अपराधी इतिहास भी है। परिजनों द्वारा अभिषेक को पुराने विवाद के कारण नाम दिया गया था सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल की गई तो इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और मैन्युअल जांच पड़ताल की गई तो संबंधित नाम सामने आया तो उसके पूर्व के इतिहास के बारे में जानकारी किया। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस द्वारा मिली जानकारी के आधार पर रंजीत को गिरफ्तार करते हुए इससे पूछताछ किया तो इसने अपनी पूरी बात बताई। दोस्त की हत्या करने के बाद भी यह उसके परिजनों के साथ सीएससी सेंटर आदि जगहों पर लेकर भी अपने दोस्त को घूमता रहा।

## जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड में पीयू के 10 छात्रों का चयन

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के तत्वावधान में चल रहे कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत शनिवार को जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड, बैंगलोर द्वारा बायोटेक्नोलॉजी विभाग के 10 छात्रों का चयन अप्रेंटिस ट्रेनी/ग्रैजुएट अप्रेंटिस ट्रेनी पद के लिए किया गया। चयनित छात्र प्रिया सोनकर, प्रज्ञा सिंह, श्रेया सिंह, साक्षी मिश्रा, स्मृति पांडेय, सुजीत कुमार, उर्वी मिश्रा, श्रेया आर्या, विष्णु मौर्य एवं शैलेश गिरी। कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कंपनी के डिप्टी जनरल मैनेजर अमर दीप यादव, सीनियर एग्जीक्यूटिव मनोज कुमार यादव तथा अश्वनी जायसवाल ने दो चरणों में साक्षात्कार प्रक्रिया को सम्पन्न कराया। पहले चरण में प्री–प्लेसमेंट टॉक आयोजित की गई जिसमें कंपनी की जानकारी, जॉब प्रोफाइल, सैलरी और सेवा शर्तों पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद पात्र छात्रों का साक्षात्कार लिया गया। कार्यक्रम में प्लेसमेंट समन्वयक प्रो. प्रदीप कुमार ने आगामी जॉब फेयर–2025 की जानकारी देते हुए बताया कि 12 व 13 जून को होने वाले इस मेगा इवेंट में 8 कंपनियों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों के लिए नौकरी पाने का उत्तम अवसर है। कार्यक्रम में उप समन्वयक सुशील कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और प्लेसमेंट से द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उप समन्वयक डॉ. विशाल यादव, श्याम त्रिपाठी एवं दिनेश अस्थाना सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।




# धर्म परिवर्तन कराने वाले तीन युवक गिरफ्तार

जौनपुर। सुजानगंज थाना क्षेत्र में धर्मांतरण का मामला बहुत तेजी चल रहा है। ताजा मामला रविवार का है सुबह किसी ने पुलिस को सूचना दी कि क्षेत्र के कुरावां गांव में कुछ लोग धर्मांतरण करवा रहे हैं। सूचना पर पुलिस तुरंत पहुंच गई। हिन्दू धर्म से इसाई धर्म में परिवर्तन कराने वाले तीन अभियुक्त बिरेन्द्र कुमार बिन्द पुत्र स्व0 रामदेव निवासी ग्राम अन्दावा थाना सराय इनायत जनपद प्रयागराज, कुन्दन बनवासी पुत्र मकर बनवासी ग्राम कुरावा थाना सुजानगंज जौनपुर तथा सुनील बनवासी पुत्र पप्पू बनवासी निवासी ग्राम कुरावा थाना सुजानगंज जौनपुर को धर्म परिवर्तन कराते हुए कुरावा गांव में स्थित प्रधानमंत्री आवासीय कालोनी में चन्दु के घर से गिरफ्तार कर लिए। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से धर्म परिवर्तन कराने के सम्बन्धित कागजात व 03 बाइबील पुस्तक बरामद की गयी है। फरीदाबाद गांव निवासी संतोष मौर्य ने थाने पर तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में जानकारी लेने पर थानाध्यक्ष सुजानगंज यजुवेंद्र सिंह ने बताया कि तीनों लोगों को धर्म परिवर्तन के मामले में गिरफ्तार किया गया है। इनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया।इसके पहले भी सुजानगंज में कई लोगों को धर्म परिवर्तन के मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है।

## जिलाधिकारी द्वारा किसानों को नि:शुल्क वितरित किया गया बीज

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव




जौनपुर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र द्वारा रविवार को धर्मापुर क्षेत्र पंचायत के सभागार में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित किसान गोष्ठी का निरीक्षण किया गया जिसमें किसानों की समस्याओं की जानकारी लेते हुए उन्हें वैज्ञानिक विधि से खेती करने का सुझाव दिए गए। जिलाधिकारी ने 5 किसानों को ढैचा बीज, 5 किसानो को मक्का बीज, 25 किसानों को उर्द, मूँग एवं श्री अन्न के नि:शुल्क मिनीकिट बीज वितरित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों से सम्बन्धित आधुनिक कृषि तकनीकों एवं जलवायु परिवर्तन प्रभावरोधी कृषि पद्धतियों की जानकारी कृषकों को प्रदान करने हेतु शासन के निर्देश पर 29 मई 2025 से 12 जून 2025 के मध्य संचालित होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान–2025 को जनपद में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में केवीके, तथा प्रदेश सरकार के कृषि, इफको, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, सिंचाई/नलकूप एवं लीड बैंक मैनेजरध्सीडीएम नाबार्ड संस्थाओं के अधिकारी/कर्मचारी प्रशिक्षक की भूमिका में उपस्थित होकर शासन की किसानोन्मुखी योजनाओं, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, इन्टीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम, कृषि ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किसानों के बीच उन्नत उत्पादन प्रौद्योगिकियों जैसे–बीज उपचार, जैव उर्वरकों का प्रयोग, उन्नत बुवाई पद्धतियां, प्राकृतिक खेती की जागरुकता के लिये जानकारी उपलब्ध करायें,जिसमें इस प्रणाली से होने वाले लाभ एवं शासन की नीतियों के बारे में कृषक जागरूक हो सकें। कार्यक्रम में कृषकों को आई.एन.एम., आई.पी.एम., संसाधन संरक्षण प्रौद्योगिकी, उन्नत सिंचाई पद्धतियां, कृषि निवेश व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में किसानों को जागरुक किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त किसानों को फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान कर अवशेष किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करायी जायेगी। कार्यक्रम का संचालन उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने किया। इस मौके पर उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय, उप जिलाधिकारी सदर सन्तवीर सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. ओपी श्रीवास्तव, डीपीआरओ, कृषि वैज्ञानिक डा. प्रगति यादव, डा. हरिओम वर्मा, एडीओ एजी , गुलाब मौर्य, संध्या सिंह, सोनम राय, चंद्रशेन सिंह सहित किसान मौजूद रहे।

# हुसैनिया नकी फाटक में ईद–उल–अजहा की नमाज संपन्न, मुल्क की सलामती के लिए हुई दुआ

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। शनिवार को ईद–उल–अजहा के मौके पर शिया समुदाय की नमाज हुसैनिया नकी फाटक में धर्मगुरु मौलाना सफदर हुसैन जैदी ने अदा कराई । नमाज के बाद नमाजियों ने मुल्क में अमन–चौन और खुशहाली के लिए सामूहिक रूप से दुआ मांगी जिसके बाद सभी ने एक–दूसरे के गले मिलकर मुबारक बाद दी। इस मौके पर मौलाना सफदर हुसैन जैदी ने लोगो को संबोधित करते हुए कहाकि ईद–उल–अजहा का पवित्र त्यौहार पर हम सभी लोगो का फर्ज है कि हमारे पड़ोस मे रहने वाले गरीब ,मजबूर ,बेसहारा लोगो की हम मदद करें उनको अपनी खुशी मे शामिल करें उन्होंने कहा कि हमारे पड़ोस मोहल्ले या बस्ती मे कोई ऐसा घर या परिवार हो जिनकी ईद की व्यवस्था ना हो पा रही हो तो हम सब का कर्तव्य है कि पहले उसकी ईद की व्यवस्था करें। मौलाना सफदर हुसैन जैदी ने कहाकि बकरीद त्याग, सच्चाई और अच्छे रास्ते पर चलने की भावना पैदा करता है, ये इस्लाम धर्म के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है बकरीद के तीन दिनों तक मुसलमान कुर्बानी की रसम निभाकर पैगंबर इब्राहिम के ऐतिहासिक फैसले और त्याग को याद करते हैं। मौलाना सफदर हुसैन जैदी ने ईद की नमाज अदा कराने के बाद मुल्क में अमन सलामती की विशेष दुआ कराई उन्होंने लोगो से अपील किया कि मुल्क को मजबूत करने के लिए अपना योगदान दे एवं शासन प्रशासन की गाइडलाइन का सख्ती से पालन करे । इस मौके पर मोहम्मद मुस्तफा , नजमुल हसन नजमी , लाडले जैदी , समर आफताब , बेलाल हसनैन , सलमान रजा, अनवारूल हसन , सरदार हुसैन खान बबलू , हसन मेंहदी , जैगम अब्बास , शहनशाह हैदर , हसनैन कमर दीपू , आरिफ हुसैनी , तालिब जैदी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे , सुरक्षा की दृष्टि से फोर्स तैनात रही।

## टाटा मोटर्स का देशव्यापी मानसून चेक–अप कैंप शुरू

सिटी रिपोर्टर प्रत्यूष पाण्डेय

लखनऊ। अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा अनुभव देने की प्रतिबद्धता के तहत, देश की अग्रणी वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने आज देशभर में मानसून चेक–अप कैंप शुरू करने की घोषणा की। यह विशेष सेवा अभियान 6 जून से 20 जून 2025 तक चलेगा और 500 शहरों में फैले 1,090 से अधिक अधिकृत वर्कशॉप्स के जरिए ग्राहकों को सेवा प्रदान करेगा। मानसून के मौसम की शुरुआत के साथ, टाटा मोटर्स ने अपने ग्राहकों की सुरक्षा और गाड़ी की बेहतर कार्यक्षमता सुनिश्चित करने के लिए यह कैंप शुरू किया है। इस दौरान ग्राहक अपनी गाड़ी का मुफ्त हेल्थ चेक–अप करवा सकते हैं, जिसमें 30 से अधिक जरूरी हिस्सों की जांच की जाएगी। इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए भी खास जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साथ ही कार की टॉप वॉश, असली स्पेयर पार्ट्स, इंजन ऑयल, एक्सेसरीज, एक्सटेंडेड वारंटी और लेबर चार्ज पर आकर्षक छूट भी दी जा रही है। इसके अलावा, ग्राहकों को नई टाटा कारों पर आकर्षक एक्सचेंज ऑफर्स का भी लाभ मिलेगा, जिसमें उनकी पुरानी गाड़ी का मुफ्त मूल्यांकन शामिल है। इससे गाड़ी बदलने की प्रक्रिया और भी आसान और फायदेमंद बन जाएगी। टाटा मोटर्स अपने ग्राहक–केंद्रित दृष्टिकोण को और मजबूत करते हुए ऐसी सेवा सुविधाएं प्रदान कर रही है जो सुरक्षा, भरोसे और सुविधा को प्राथमिकता देती हैं। ग्राहकों से अनुरोध है कि वे अपने नजदीकी अधिकृत टाटा मोटर्स वर्कशॉप पर जाकर मानसून चेक–अप कैंप का पूरा लाभ उठाएं।

## ईआईबी टीम के साथ आबकारी विभाग ने अवैध रूप से सक्रिय शराब कारोबारियो पर कसा शिकंजा

(डॉ अजय तिवारी
जिला संवाददाता)

अयोध्या। आबकारी विभाग द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री में शामिल कारोबारी पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है।उप आयुक्त आबकारी अयोध्या प्रभार के कुशल मार्गदर्शन में जिला आबकारी अधिकारी सुरेश चंद्र मिश्र ने अवैध रूप से जिले में फल फूल रहे कच्ची शराब कारोबारी पर शिकंजा कसा। इस मौके पर उन्होंने 200 से अधिक लीटर लहान को मौके पर नष्ट किया गया। तथा 45 लीटर से अधिक अवैध रूप से शराब बरामद किया गया। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी श्री मिश्र ने बताया शुक्रवार को ईआईबी मुख्यालय तथा जनपदीय स्तर पर गठित टीम द्वारा थाना तारुन क्षेत्र के ग्राम सोनेडांड, गंगापुर एवं बालापुर सहित थाना पूरा कलन्दर क्षेत्र के ग्राम आरती अंजना में दबिश दी गयी। बताया कि दबिश के दौरान टीम ने कुल 200 किलोग्राम लहन को मौके पर नष्ट किया गया एवं लगभग 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर कुल 03 अभियोग आबकारी अधिनियम की धाराओं में दर्ज कर कार्यवाही की गयी।इस मौके पर संयुक्त टीम द्वारा स्थानीय व्यक्तियों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर मौजूद स्थानीय व्यक्तियो को संबंधित क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक का मोबाइल नम्बर भी नोट कराया गया कि क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार किये जाने की सूचना उक्त मोबाईल नम्बर पर दें।बताते चले ईआईबी, मुख्यालय टीम राजेश्वर मौर्या, सहायक आबकारी आयुक्त,हरेन्द्र सिंह,आबकारी निरीक्षक ए.के. सिद्दीकी, प्रधान आबकारी सिपाही के अलावा जिले की टीम मे अरविन्द कुमार आबकारी निरीक्षक सदर, आनन्द कुमार शुक्ला आबकारी निरीक्षक, बीकापुर, विवेक पाठक, आबकारी निरीक्षक, मिल्कीपुर शामिल रहे।

## शाही ईदगाह में ईद–उल–अजहा की नमाज शांति पूर्वक अदा

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । ईद–उल–अजहा का त्योहार शनिवार को मनाया जा रहा है। यह त्योहार आज से तीन दिनों तक मनाया जाएगा। बकरा ईद के अवसर पर जौनपुर के मछलीशहर पड़ाव स्थित शाही ईदगाह में सुबह 8रू15 बजे मुख्य नमाज अदा की गई। इसके अलावा क्षेत्र की अलग–अलग मस्जिदों में भी ईद की सामूहिक नमाज में अकीदतमंदो ने नमाज अदा की। नमाज अदा करने के लिए कस्बा ग्रामीण इलाकों की मस्जिदों में सुबह से ही हजारों की संख्या में लोग जुटने शुरू हो गए। जलालुद्दीन ने बताया कि नमाज अदा करने के बाद घरों में बकरों की कुर्बानी दी जाएगी। शाही ईदगाह पर बड़ी मस्जिद के कारी जलालुद्दीन ने ईद–उल–अजहा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नमाज के बाद कुतबा और उसके बाद दुआ हुई। इस मुबारक मौके पर अल्लाह तआला से सभी मुस्लिम लोगों ने अमन चौन के साथ–साथ आपस मे भाई चारा हमेशा कायम रखने के लिए दुआ की गई।इस मौके पर सदर से सपा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने ईद–उल–अजहा के मौके पर क्षेत्रवासियों को मुबारकबाद दी है। सांसद ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि ईद–उल–अजहा का यह पर्व हमें आपसी भाईचारे के साथ रहने, सच्चाई की राह पर चलने एवं त्याग करने की प्रेरणा देता है। ईद–उल–अजहा को बकरा ईद के नाम से भी जानते है। इस दिन बकरे की कुर्बानी का काफी महत्व होता है। समाज के लोगों का कहना है कि हर कोई कुर्बानी नहीं कर सकता। लोगों का कहना है कि कुर्बानी हर उस औरत और मर्द के लिए मुनासिब है, जिसके पास एक खास रकम या उसके बराबर सोना और चांदी या तीनों (रुपया, सोना और चांदी) मिलाकर भी उस खास रकम के बराबर है। सिटी मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा बकरीद की नमाज को लेकर पूरी व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही। सीओ सिटी देवेश सिंह ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे। ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है।

## पर्यावरण दिवस कार्यक्रम संपन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

बहादराबाद, हरिद्वार। ग्राम गंग दासपुर, बहादराबाद मे आयोजित पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला नेहरू युवा केंद्र एवं खेल मंत्रालय हरिद्वार के बैनर तले वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर ठाकुर अंकुल चौहान के निर्देशन में वृक्षारोपण लगाकर पर्यावरण को संतुलित करने की संकल्पता दौरे गई। इस अवसर पर अंकित ठाकुर, अंकुश ठाकुर, आदित्य सैनी, राम यश ठाकुर, कार्तिक ठाकुर अमरीश चौहान एवं प्रियांशु ठाकुर आदि पर्यावरण प्रेमियों ने उपस्थित होकर सहयोग दिया। अंत में जिला नेहरू युवा एवं खेल मंत्रालय हरिद्वार की निदेशक शैलेश भट्ट,वित्त अधिकारी धर्म सिंह रावत एवं एन, वी, आई अंकुल चौहान ने सहयोगियों का आभार प्रकट किया।

## पुलिस मुठभेड़ में एक गौ तस्कर गिरफ्तार,पैर में लगी गोली

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जफराबाद थाना अंतर्गत शुक्रवार देर रात हुई पुलिस टीम के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर गौतस्कर गिरफ्तार, कब्जे से एक तमंचा 315 बोर मय एक खोखा व एक जिन्दा कारतूस, एक मोटरसाइकिल व नकदी बरामद किया है। इस संबंध में शनिवार को जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी शहर देवेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक जफराबाद शुक्रवार देर रात्रि गस्त में वांछित अपराधियों के तलाश में थे कि मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि एक शातिर गौतस्कर हौज टोल हाइवे के पास से राजेपुर रोड की तरफ जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम हौज टोल हाइवे राजेपुर की तरफ बढ रही थी कि तभी एक व्यक्ति राजेपुर की ओर से मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया पास आने पर बाइक सवार ने पुलिस टीम को देख कर भागने लगा रुकने को कहा गया तो उसने पुलिस टीम पर फायर कर दिया।

आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया, जिससे अभियुक्त घायल होकर गिर गया। पुलिस टीम खुद को बचाते हुए व्यक्ति के पास गई, मौके से उसके पास से एक तमंचा 315 कारतूस,नकदी 320 रूपया व एक मोटर साइकिल बरामद हुआ है। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम शैलेश यादव पुत्र रामआसरे यादव निवासी रेहटी तुल्लापुर थाना जलालपुर जौनपुर बताया, जो कि एक अन्तर्जनपदीय शातिर गौतस्कर है, जिसके विरुध्द कई जनपदों में मुकदमें पंजीकृत है।

# मास्क व सैनेटाइजर के साथ लोगों से दूरी बनाने की करे कोशिश – सीएमओ

अयोध्या। इस समय बढ़ाते कोरोना को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग भी सचेत हो गया है।जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग सोमवार से विभिन्न सार्वजनिक स्थानों के साथ–साथ सभी सीएचसी केंद्रों पर एंटीजन टेस्ट करने जा रहा है। इस संबंध में सीएमओ डॉक्टर सुशील कुमार ने लोगों से मास्क सैनिटाइजर के उपयोग करे।लोगों से अपील किया कि हो सके तो लोग एक दूसरे से अभी इस समय दूरी बनाएं। उन्होंने बताया कि 9 जून सोमवार से जनपद में कोविड के एंटीजन टेस्ट कराने होंगे। बताया कि राम मंदिर, हनुमानगढ़ी, एयरपोर्ट, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन,अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन,अयोध्या धाम बस स्टेशन,अयोध्या कैंट बस स्टेशन पर एंटीजन टेस्ट होंगे।इसके अलावा जनपद के सभी सीएचसी पर भी दो शिफ्ट में एंटीजन टेस्ट होगे।सीएमओ डॉक्टर ने बताया कि फिलहाल अभी जिले में कोई भी व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव गए है। लेकिन सावधानी बरतने के लिए लोग मास्क तथा सैनिटाइजर का उपयोग करें साथ ही साथ हो सके तो एक दूसरे से दूरी भी बनाए रखें।

## पर्यावरण जागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पर्यावरण जागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन जन कल्याण सेवा संस्थान ,लखनऊ द्वारा यूनिटी कॉलेज चौक लखनऊ में किया गया। जिसमें डाबर कंपनी से हिमांशु ढ़पोला, ए के सक्सेना,पूर्व वीडियो, निदेशक फ पी ओ श्री ज्ञानेश्वर सिंह,श्री अवधेश श्रीवास्तव बायोडायवर्सिटी पर,श्री मैथ्यू जी,श्री राघवेंद्र मिश्रा जी,ललित पाण्डेय जी,सहित सर्वेश मिश्रा आदि उपस्थित हो कर पर्यावरण कैसे सुरक्षित रखा जा सके पर बहुत ही उपयोगी विचारों से सभी जनमानस को अवगत कराया और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की गई। अंत में विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 – 7007415808, 9415034002
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।